भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4768
उत्तर देने की तारीख 23 मार्च, 2020
सोमवार, 03 चैत्र, 1942 (शक)

तेलंगाना में कौशल विकास

4768. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः

क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का काफी बड़े एवं परिमेय परिणाम सुनिश्चित करने हेतु देशभर में उद्यमिता प्रयासों के उत्प्रेरण एवं समन्वय के द्वारा एक समर्थकारी उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने का विचार है तथा उद्यमिता विकास से संबंधित सबसे अग्रणी योजना क्या है;

(ख) तेलंगाना राज्य एवं तेलंगाना राज्य के महबूबनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उक्त पाठ्यक्रम एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम चलाने के लिए चिह्नित एवं संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलजों, पॉलिटेकनिकों एवं भेषज कॉलेजों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार उद्यमिता विकास से संबंधित अग्रणी योजना के परिणामों को प्राप्त करने हेतु बाजार प्रासंगिक प्रशिक्षण प्रदान करने पर विचार कर रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) तेलंगाना राज्य में युवाओं को रोजगार प्रदान करना सुनिश्चित करने हेतु युवाओं के प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री राजकुमार सिंह)

(क) से (.) उद्यमशीलता शिक्षा, प्रशिक्षण, पक्षपोषण और उद्यमशीलता नेटवर्क तक सहज पहुंच के माध्यम से समर्थ इकोसिस्टम सृजित करने के लिए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) एक प्रायोगिक स्कीम प्रधानमंत्री युवा (पीएम-युवा) योजना का कार्यान्वयन कर रहा है। इस स्कीम के अंतर्गत 10 राज्यों और 2 संघ राज्यों क्षेत्रों (यथा

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, दिल्ली और पुद्दुचेरी) के 81 जिले शामिल हैं। यह स्कीम तेलंगाना के 8 जिलों नामत: हैदराबाद, महबूबनगर, मेडक, मेडचल, रंगारेड्डी, संगारेड्डी, वारंगल और यदाद्रि में क्षेत्रीय भागीदार एसोसिएशन ऑफ लेडी एंटरप्रेन्योर ऑफ इंडिया (एएलईएपी) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। इसके अलावा भारत में आकांक्षी और मौजूदा महिला उद्यमियों की सहायता करने के लिए एमएसडीई ने जीआईजेड, जर्मनी के सहयोग से एक प्रायोगिक परियोजना ''इकोनोमिक एम्पावरमेंट ऑफ वुमेन एंटरप्रेन्योर्स एंड स्टार्ट-अप्स बाई वुमेन'' प्रारंभ की है। वर्तमान में, इस प्रायोगिक परियोजना को उत्तर पूर्वी क्षेत्र (असम, मेघालय और मणिपुर), राजस्थान और तेलंगाना में कार्यान्वित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत तेलंगाना की 29 महिलाओं सहित इसके पहले समूह के भाग के रूप में 147 महिलाओं को संपोषण और संवृद्धि सहायता दी गई है।

इसके अतिरिक्त, कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने और संधारणीय आजीविका हेतु नियोजनीय बनाने के उद्देश्य से भारतीय युवाओं को समर्थ बनाने और जुटाने के लिए एमएसडीई द्वारा 02 अक्तूबर 2016 को एक स्कीम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (2016-2020) प्रारंभ की गई है, जिसके अंतर्गत 350 से अधिक जॉब रोलों में नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण और कौशल प्रमाणन का प्रावधान है। इस स्कीम के अंतर्गत देश भर में चल रहे 3,077 प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से कुल 58,27,108 उम्मीदवारों को प्रमाणित किया गया है, जिनमें 83 प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए गए तेलंगाना राज्य के 1,86,918 उम्मीदवार शामिल हैं।

तकनीकी संस्थानों द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई-टीआई) के अंतर्गत मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माध्यम से एआईसीटीई को चुनिंदा क्षेत्रों में एनएसक्यूएफ अनुमोदित पाठ्यक्रमों के अनुसार बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षित करने का कार्य सौंपा गया है। इस स्कीम के अंतर्गत एआईसीटीई अनुमोदित संस्थानों को कॉलेज समय के पश्चात इन पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए अपनी मौजूदा अवसंरचना और सुविधाओं का उपयोग करना होगा ताकि छात्र राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचा (एनएसक्यूएफ) के अंतर्गत प्रमाण-पत्र के लिए पर्याप्त कौशल अर्जित कर सकें और उपयुक्त निजी क्षेत्र आदि में नियोजन प्राप्त कर सकें। इस पहल के अंतर्गत एमएचआरडी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार संस्थानों को सहायता अनुदान जारी किया जाता है। कार्यक्रम-वार स्तर-वार संस्थाओं की संख्या का ब्योरा और वर्ष 2019-20 के लिए तेलंगाना राज्य हेतु स्वीकृत राशि **अनुबंध** में दी गई है।

अनुबंध

दिनांक 23.03.2020 को पूछे गए लोकसभा प्रश्न संख्या 4768 के उत्तर के भाग (क) से (ड.) में उल्लिखित अनुबंध

कार्यक्रम-वार स्तर-वार संस्थाओं की संख्या का ब्योरा और वर्ष 2019-20 के लिए तेलंगाना राज्य हेतु स्वीकृत राशि

कार्यक्रम	डिप्लोमा		पीजी		यूजी	
	संस्थानों की सं	स्वीकृत राशि	संस्थानों की सं	स्वीकृत राशि	संस्थानों की सं	स्वीकृत राशि
एप्लाई□ कला और शिल्प	2	70			1	60
वास्तुकला और योजना	3	120	1	25	5	465
□ज़ाइन					1	300
इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी	174	46985	163	19016	217	112030
होटल प्रबंधन और खानपान	1	30			1	180
प्रबंधन	1	60	336	49949		
एमसीए			38	2791		
फार्मेसी	16	900	124	8589	127	10982
सकल योग	**185**	**48165**	**510**	**80370**	**337**	**124017**

कार्यक्रम-वार स्तर-वार संस्थाओं की संख्या का ब्योरा और वर्ष 2019-20 के लिए तेलंगाना राज्य के महबूबनगर हेतु स्वीकृत राशि

कार्यक्रम	डिप्लोमा		पीजी		यूजी	
	संस्थानों की सं	स्वीकृत राशि	संस्थानों की सं	स्वीकृत राशि	संस्थानों की सं	स्वीकृत राशि
इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी	11	2400	2	36	3	780
प्रबंधन			8	705		
फार्मेसी	2	120	4	227	4	240
सकल योग	**12**	**2520**	**12**	**968**	**7**	**1020**

****